नव भारत

## एक नजर में




### विधानसभा का एक दिवसीय सत्र 27 को

**भोपाल.** मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का एक दिवसीय दशम सत्र सोमवार, 27 अप्रैल को पूर्वाह्न 11:00 बजे आहूत किया जाएगा. इस संबंध में राज्यपाल की स्वीकृति के पश्चात विधानसभा सचिवालय द्वारा आज अधिसूचना जारी कर दी गई है. यह सत्र केवल एक दिन के लिए आयोजित होगा और इसमें महत्वपूर्ण विषय पर विशेष चर्चा की जाएगी. इस सत्र का मुख्य विषय 'नारी शक्ति-वंदन' रहेगा, जिसके अंतर्गत महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श किया जाएगा. इसमें महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आर्थिक स्वावलंबन तथा सामाजिक भागीदारी जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा संभावित है. सरकार एवं सदस्यों द्वारा महिला कल्याण से जुड़ी योजनाओं और नीतियों की समीक्षा भी की जाएगी.

### एसआई सहित 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**इंदौर.** लसूडिया थाना क्षेत्र में एक व्यवसायी को कथित रूप से प्रताड़ित करने के मामले में डीसीपी ने एसआई सहित पांच पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है. मामला रिटायर्ड एसीपी से जुड़े प्रॉपर्टी विवाद में वारंट तामील के दौरान कार्रवाई को लेकर सामने आया है. कारोबारी गौरव जैन पिछले एक साल से वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत कर रहा था कि पुलिस उसे धमका रही है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई. आरोप है कि 1 अप्रैल को लसूडिया थाने के एसआई संजय विश्नोई सहित अन्य पुलिसकर्मी उसके घर में जबरन घुसे, पहले निगरानी की, फिर कैमरे बंद कर मास्टर चाबी से ताला खोलकर अंदर घुसे.

### पुरानी रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या

**भिंड.** जिले के मेहगांव थाना क्षेत्र के कैथोदा गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई. वारदात उस समय हुई, जब युवक एक निमंत्रण कार्यक्रम से अपने गांव लौट रहा था. रास्ते में घात लगाकर बैठे आरोपियों ने उसे रोककर विवाद किया और फायरिंग कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है. मृतक गिर्राज गुर्जर और मुख्य आरोपी आसवीर गुर्जर के बीच पुराना विवाद चल रहा था. दोनों पहले अच्छे दोस्त थे, लेकिन किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद उनके संबंध बिगड़ गए और यह रंजिश समय के साथ गहरी होती चली गई.

### 14 हजार रिश्वत लेते पंप अटेंडेंट को दबोचा

**जबलपुर.** आवेदक सौरभ मिश्रा द्वारा पीएचई .विभाग छिंदवाड़ा में निर्माण कार्य का ठेका लिया गया है. आवेदक द्वारा कुल काम का 30% पूर्ण करने पर उसके खाते में 4,11,665 रुपए प्राप्त हुये है, रुपए खाते में आने पर पी एच ई विभाग छिंदवाडा में पदस्थ संदेश बाबू के द्वारा आवेदक से 6% के हिसाब से लगभग 25 हजार रुपए रिश्वत की मांग जा रही है. जिसकी शिकायत आवेदक ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त जबलपुर अंजू पटले से की. शिकायत सत्यापन के दौरान संदेश गजभिए द्वारा दर्पण मिश्रा से बात करने को कहा गया. 14000 रुपए लेनदेन की बात तय होने पर दर्पण मिश्रा एवं संदेश बाबू तय राशि 14000 रुपए रिश्वत लेने तैयार हो गये. आज 21 अप्रैल को आरोपी दर्पण मिश्रा, पद- पंप अटेंडेंट, कार्यालय कार्यपालन यंत्री,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड परासिया जिला छिंदवाड़ा को खजरी रोड स्थित चाय की दुकान पर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़े गए.

# टैंकर-कार भिड़ंत में 5 युवकों की मौत

## जुलवानिया टोल के पास बारात से लौटते वक्त हुआ दुर्घटना

**इंदौर, 21 अप्रैल. बड़वानी जिले में मंगलवार दोपहर जुलवानिया टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार टैंकर और कार की आमने सामने टक्कर में 5 युवकों की मौत हो गई, जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं. सभी युवक एक बारात से लौट रहे थे.**

पुलिस के अनुसार दोपहर करीब 2:30 बजे रास्ते में एक वाहन का डीजल खत्म होने पर कुछ युवक दूसरी कार से डीजल लेने निकले थे. इसी दौरान खरगोन की ओर से आ रहे टैंकर ने कार को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक अंदर फंस गए. घटना की सूचना मिलते ही जुलवानिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद घायलों व मृतकों को बाहर निकाला. घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया था, जहां इलाज के दौरान दो और युवकों की मौत हो गई. जुलवानिया पुलिस ने बताया कि टैंकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है. वाहन जब्त कर लिया है और आरोपी की तलाश के साथ ही पूरे मामले की जांच जारी है.




> हादसे में 25 वर्षीय सचिन गोकुल वास्कले, 25 वर्षीय प्रद्युम्न सहते, 29 वर्षीय पप्पू, 25 वर्षीय आकाश और 30 वर्षीय यशवंत सुपड़िया की मौत हो गई, जबकि 28 वर्षीय सुरेश और 28 वर्षीय सोहन गंभीर रूप से घायल हैं.

### खदान में डूबे 9 बच्चे, 7 को सुरक्षित निकाला

**उज्जैन, 21 अप्रैल.** नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम करोंदिया में सोमवार शाम हादसा हो गया. नहाने गये 9 बच्चे खदान में डूब गये. 7 को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. लेकिन 2 नहीं मिले. जिनकी तलाश के लिये रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया है .नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम करोंदिया में कई खदान बनी हुई है. जिसमें पानी भरा हुआ है. शाम के समय कुछ बच्चे हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के खदान में नहाने गये थे. इस दौरान कुछ बच्चे गहरे पानी में चले गये. बच्चों को डूबता देख 7 को लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाला लिया. लेकिन 2 बच्चे गहराई में चले गये थे. जिनकी तलाश के लिये एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया और सर्चिंग शुरू की गई. देर शाम 7 .30 बजे के लगभग एक बच्चे का शव गहराई में दिखाई देने लगा था, जिसे बाहर निकालने के प्रयास जारी थी. डूबे बच्चों के नाम शुभम और अनस सामने आ रहे हैं. बच्चों के डूबने की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी. थाना प्रभारी कलम निगवाल के अनुसार बच्चों को बाहर निकालने के बाद मामला स्पष्ट हो पायेगा. बच्चे करोंदिया के आसपास के रहने वाले हैं.



नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम करोंदिया में सोमवार शाम को हुआ हादसा

# पीडब्ल्यूडी के 2 अफसर 2 .5 लाख की रिश्वत लेते पकड़ाए

- लोकायुक्त पुलिस ने इंदौर में की बड़ी कार्रवाई
- बिल भुगतान के एवज में मांगी थी 3 .5 लाख रिश्वत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. लोकायुक्त पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग ( पीडब्ल्यूडी ) के कार्यपालन यंत्री और एसडीओ को 2.50 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया. मामला ठेकेदार के बिल भुगतान के एवज में रिश्वत मांगने से जुड़ा है. तीसरे आरोपी उपयंत्री की भूमिका भी जांच में है.**

लोकायुक्त पुलिस द्वारा दी गई अधिकृत जानकारी के अनुसार धार निवासी ठेकेदार राजपाल सिंह पंवार ने शिकायत की थी कि उनकी फर्म द्वारा किए गए सड़क निर्माण कार्य के अंतिम बिल भुगतान के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारी 3.50 लाख रुपए रिश्वत मांग रहे हैं. सत्यापन के बाद मंगलवार 21 अप्रैल को ट्रैप दल गठित कर कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान कार्यपालन यंत्री जयदेव गौतम को उनके सरकारी निवास पर 1.50 लाख रुपए लेते हुए पकड़ा, जबकि एसडीओ टीके जैन को कार्यालय परिसर में 1 लाख रुपए लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया. उपयंत्री अंशु दुबे ने भी रिश्वत की मांग की थी, लेकिन तय रकम कम होने के कारण वह राशि नहीं ली गई. तीनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. लोकायुक्त टीम में कार्रवाई के दौरान निरीक्षक आशुतोष मिठास, प्रतिभा तोमर सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे.



# चौकी में युवक की मौत पर प्रभारी व सिपाही हटाए

- हिरासत में प्रताड़ना के लगे आरोप
- जांच शुरू, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. भागीरथपुरा चौकी में युवक श्रीराम झा की मौत के बाद पुलिस पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. मामले में चौकी प्रभारी संजय धुर्वे और सिपाही योगेंद्र कोरव को हटा दिया है. परिजनों ने हिरासत में प्रताड़ना का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस ने मारपीट से इनकार किया है. वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है.**

जानकारी के मुताबिक श्रीराम झा को वाहन चोरी के संदेह में चौकी लाया गया था. परिजनों का आरोप है कि दो दिन तक उसके साथ मारपीट की गई. रविवार को सादी वर्दी में पुलिसकर्मी उसे घर लाए थे, जहां उसने परिजनों को बताया कि उसके साथ मारपीट हुई और उसका अंगूठा भी ठीक से काम नहीं कर रहा. इसके बाद पुलिस उसे फिर अपने साथ ले गई.



श्रीराम झा, मृतक

### शिवपुरी में भाजपा नेता रीना शर्मा पर घर में घुसकर हमला

**शिवपुरी.** जिले के कोलारस अनुविभाग के रन्नौद थाना सीमा में निवास करने वाली भाजपा नेत्री रीना शर्मा के साथ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है. भाजपा नेत्री का कहना है कि उस पर प्राणघातक हमला उसके घर में घुसकर किया गया, हालांकि इस मामले में एफआईआर की गई है लेकिन सामान्य धाराओं में मामला दर्ज किया है, अब हमलावर परेशान कर रहे है. पीडिता ने बताया कि उसकी पति की मृत्यु 10 साल पूर्व में हो चुकी है उसके पति पुलिस में आरक्षक थे, आरोपी उसके मकान को हड़पना चाहते है. इस मामले को लेकर रीना शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंपा है.

# विधायक पाठक ने हाईकोर्ट में उपस्थित होकर मांगी माफी

## जज को सीधे फोन करने पर लंबित आपराधिक अवमानना मामला

**जबलपुर. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष आपराधिक अवमानना मामले की सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक संजय पाठक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए. विधायक संजय पाठक ने बिना शर्त माफी मांगते हुए कहा है कि उनसे गलतीवश हाईकोर्ट जज को फोन लग गया था. युगल पीठ ने याचिका पर अगली सुनवाई 14 मई को निर्धारित की है.**

गौरतलब है कि कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि विधायक संजय पाठक से संबंधित कंपनी के खिलाफ अवैध उत्खनन के मामले में हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा ने 1 सितम्बर 2025 को सुनवाई से इनकार कर दिया था. हाईकोर्ट जस्टिस ने अपने आदेश में कहा था कि विधायक ने उससे फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया. जिसके कारण वह सुनवाई से खुद को अलग कर रहे है. जस्टिस विशाल मिश्रा ने निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था. उन्होंने इस पूरे प्रकरण को प्रशासनिक स्तर पर चीफ जस्टिस के समक्ष भेजने का निर्देश भी दिया था. याचिका में कहा गया था कि विधायक का यह कृत्य न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने तथा गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है. न्यायिक कार्य में हस्तक्षेप करना आपराधिक अवमानना की श्रेणी में आता है.



### दिव्यांग बच्चों को स्कूल से निकालने पर रोक

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने दिव्यांग बच्चों को स्कूल से निकाले जाने पर रोक लगा दी है. उक्त अंतरिम आदेश के साथ ही न्यायालय ने जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है. इसके साथ ही जबलपुर के विभिन्न स्कूलों में अध्ययनरत दिव्यांग यानि विशेष बच्चों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश भी दिये गये हैं. दरअसल यह मामला जबलपुर विजडम वैली व जीडी गोयनका स्कूल से संबंधित है. युगल पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को नियत की है. यह जनहित याचिका जबलपुर निवासी सौरभ सुबैया की ओर से दायर की गई है. जिनकी ओर से अधिवक्ता शिवेंद्र पांडे ने पक्ष रखा. उन्होंने दलील दी कि जबलपुर में लगभग 50 शासकीय और 200 निजी स्कूल संचालित हैं.

# बस में आग लगने से कूदकर बचाई जान

- इंदौर से सागर जा रही थी बस

**रायसेन, 21 अप्रैल. रायसेन जिले में मंगलवार शाम करीब 4 बजे इंदौर से सागर जा रही एक स्लीपर कोच बस में अचानक आग लग गई. घटना सेहतगंज के पास हुई, जहां बस के अगले हिस्से से लपटें उठती देख यात्रियों में हड़कंप मच गया. चालक ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका, जिससे सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकलने का मौका मिल गया.**

बस में करीब 50 यात्री सवार थे. आग लगते ही बस के अंदर तेजी से धुआं भर गया, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई. लोग दरवाजे खोलकर तुरंत बाहर निकले और संभावित धमाके के डर से करीब 200 मीटर दूर जाकर खड़े हो गए.

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग चालक की सीट के नीचे और स्टीयरिंग के पास से शुरू हुई. शुरुआती जांच में बस की बैटरी में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है. स्थिति बिगड़ने से पहले ही चालक और परिचालक ने मौके पर पानी डालकर आग पर काबू पा लिया. उनकी तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया. घटना के बाद कुछ देर तक मौके पर तनाव बना रहा, लेकिन आग बुझने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली. इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। इन दिनों रायसेन में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है, जिससे वाहनों में आग लगने का खतरा बढ़ गया है.



### स्टार एयर ने 31 मई तक सभी उड़ानें निरस्त

**इंदौर.** देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से संचालित स्टार एयर की मुंबई और गोंदिया जाने वाली सभी उड़ानें 31 मई तक के लिए निरस्त कर दी गई हैं. कंपनी ने अपनी वेबसाइट से मई तक की फ्लाइट्स हटा दी हैं और अब 1 जून से बुकिंग शुरू की जा रही है. अचानक लिए गए इस फैसले से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. जानकारी के मुताबिक स्टार एयर ने पहले गोंदिया और अहमदाबाद रूट पर उड़ानें बंद की थीं, जिसके बाद 15 जनवरी से इंदौर मुंबई गोंदिया सेक्टर पर सेवाएं दोबारा शुरू की गई थीं. फ्लाइट दोपहर 1:40 बजे मुंबई से इंदौर पहुंचकर 2:10 बजे गोंदिया जाती थी, जबकि शाम 5:20 बजे गोंदिया से इंदौर आकर 5:50 बजे मुंबई के लिए रवाना होती थी.

# विधायक की टिप्पणी आपत्तिजनक

## अधिकारी के खिलाफ टिप्पणी पर आईपीएस एसोसिएशन ने की कड़ी निंदा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 21 अप्रैल. आईपीएस एसोसिएशन, मध्य प्रदेश ने अपने अध्यक्ष चंचल शेखर के नेतृत्व में पिछोर के विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा करैरा एसडीओपी आयुष झाखड़ के खिलाफ सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी आलोचना की है.**

एसोसिएशन ने कहा कि विधायक ने न केवल अधिकारी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि उनके परिवार के बारे में भी अनुचित टिप्पणियां कीं, जिसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताया गया. एसोसिएशन ने यह भी कहा कि इन टिप्पणियों में कथित तौर पर धमकी भरे शब्द शामिल थे, जो न केवल अवैध हैं बल्कि लोकसेवा की गरिमा को भी ठेस पहुंचाते हैं. एसोसिएशन ने जोर देकर कहा कि जनप्रतिनिधियों से सार्वजनिक संवाद में शालीनता बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है और इस तरह का व्यवहार ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के मनोबल और कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकता है. बयान में कहा गया, 'धमकी और अभद्र भाषा का लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई स्थान नहीं है.' घटना की निंदा करते हुए आईपीएस एसोसिएशन ने संबंधित प्राधिकरणों से विधायक के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की. साथ ही इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह बयान सिविल सेवा दिवस के मौके पर जारी करना पड़ा, जो देशभर के लोकसेवकों की निष्ठा और सेवा भावना को सम्मानित करने का दिन है.



**5 दिवसीय 'एकात्म पर्व' संपन्न** | आचार्य शंकर के विचारों को जनजन तक पहुंचाएं 'शंकर दूत' : स्वामी अवधेशानंद गिरि

# ओंकारेश्वर अद्वैत दर्शन का विश्व स्तरीय केंद्र बनेगा : लोधी

**खंडवा 21 अप्रैल. ओंकारेश्वर के मांधाता पर्वत स्थित 'एकात्म धाम' में आयोजित 'एकात्म पर्व' का पंच दिवसीय भव्य समारोह मंगलवार को संपन्न हो गया. यह आयोजन आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास और मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य के प्रकटोत्सव वैशाख शुक्ल पंचमी के उपलक्ष्य में किया गया.**

समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जूनापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, चिन्मय मिशन के स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती, प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री तथा खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी सहित अनेक संत, विद्वान और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ आदिगुरु शंकराचार्य के चित्र पर पुष्पवर्षा और माल्यार्पण से हुआ.

इस अवसर पर गुजरात के शिक्षाविद गौतम भाई पटेल और स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती को 'शंकर अलंकरण' सम्मान प्रदान किया गया. कार्यक्रम में अद्वैत वेदांत की परंपरा, शंकराचार्य के जीवन दर्शन और उनकी शिक्षाओं के प्रसार पर विस्तार से चर्चा की गई.

प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि ओंकारेश्वर में लगभग 2400 करोड़ रुपये की लागत से 'अद्वैत लोक' का निर्माण शुरू हो चुका है. यहां 108 फीट ऊंची एकात्मता की प्रतिमा, शंकर संग्रहालय और अंतरराष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान स्थापित किए जा रहे हैं. साथ ही ओंकार पर्वत पर 38 हेक्टेयर में 40 हजार पौधों से 'अद्वैत वन' विकसित किया जा रहा है. उन्होंने यह भी बताया कि कालड़ी (केरल) से केदारनाथ तक लगभग 17 हजार किलोमीटर लंबी 'एकात्म यात्रा' जनवरी से अप्रैल 2027 के बीच आयोजित की जाएगी. ओंकारेश्वर में डिजिटल लाइब्रेरी, लेजर एंड साउंड शो, ध्यान केंद्र और सांस्कृतिक कार्यशालाएं भी प्रस्तावित हैं.



# प्रॉपर्टी डीलर से पिस्टल अड़ाकर 10-10 लाख के 3 चेक साइन कराए

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 21 अप्रैल. बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर को कमरे में बंधक बना पिस्टल अड़ाकर मारपीट और अश्लील कार्य भी किया. ऑनलाइन पेमेंट करवाकर शराब मंगाई और 10-10 लाख रुपए के तीन चेक साइन करवाए. बदमाशों ने अपने दुश्मन को गालियां दिलवाकर वीडियो बनाए और पीड़ित के ही मोबाइल से उनको भेजे.**

आरोपी बदमाशों का दुश्मन फरियादी का बिजनेस पार्टनर है, जिससे आरोपियों का विवाद चल रहा है. घबराए प्रॉपर्टी कारोबारी ने पुलिस से शिकायत की है. मुख्य आरोपी ओमकार सिकरवार गैंगस्टर पंकज सिकरवार का भाई बताया गया है. पंकज की हत्या हो चुकी है. बहरहाल, पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है. बताया जाता है कि गोला का मंदिर निवासी 48 वर्षीय युवक की कंस्ट्रक्शन कंपनी है और वह प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त करता है. उसने बताया कि वह 10 साल से ओमकार सिंह उर्फ भूरे सिकरवार को जानता है.




मारपीट कर अश्लील कार्य भी किया